696187

**D 133659** **(Pages : 3)** **Name....................................**

**Reg. No.................................**

**FIRST SEMESTER (CUFYUGP) DEGREE EXAMINATION**
**NOVEMBER 2025**

Hindi (Streams offered to : Science)

HIN1FA102(2)—HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN—BHAG I

(Admission Year : 2024 only)

Time : One Hour and a Half Maximum : 50 Marks

**खंड क**

I. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 । अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं :

1 'संविधान तैयार करने के लिए जो मसौदा समिति का गठन हुआ था, उसका विवरण दीजिए ।

2 गीतांजलि श्री की लेखन-यात्रा का वर्णन कीजिए ।

3 प्रेमचन्द के उपन्यास 'निर्मला' का परिचय दीजिए ।

4 ''तरुवर फल नहीं खात है, सरवर पियहिं न पान ।

कह रहीम परकाज हित, संपत्ति संचहिं सुजान ।।''—इन पंक्तियों का भावार्थ समझाइए ।

5 दिए गए खंड से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनकर लिखिए ।

दादी ने अपना लड्डू थोडा-सा चखकर मुझे दे दिया । माँ ने अपनी हिस्से का लड्डू अनखाया रसोई की पड़हरी पर रख दिया, जहाँ नज़र पडते ही चील की तरह झपट्टा मार मैं उठाकर खा गई । बाबू इस बार घर पर पूरे वक्त बस पढते ही रहे । मेरे लिए भी एक किताब लाये थे और सुबह-सुबह पढाते थे ।

6 दिए गए खंड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण चुनकर लिखिए ।

जब ये बिल्डिंग बननी शुरू हुई थीं, तो सारी झोंपडियाँ घसीट के, मैदान के एक तरफ रख दी गई थीं । जैसे गफ़्फार मंडी में अपनी खाली टोकरियों का ढेर लगा देता है । उसकी टोकरियों में सडी हुई सब्जियाँ रह जाती थीं । इस ढेर में गले सडे बच्चे और उनके माँ-बाप बिलखते रहते थे । बिल्कुल कीडे-मकौडों की-सी ज़िन्दगी थी ।

7 महादेवी वर्मा ने 'मेरे दीपक' कविता मे किसके पथ रोशन करने को कहा है ?

**Turn over**

696187

696187



8 पोथि पढि पढि जग मुआ, हुआ न पंडित होय ।।—इन पंक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

9 वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

(क) श्याम हाथ जोडा ।

(ख) लोग उसकी सौन्दर्यता को सराहना करता है ।

(ग) उसने हम को कहा था ।

(घ) मैं इसी गाडी से जाना हुँ ।

10 'बास' कहानी की नायिका संतोषी और पार्टीवाले के बीच का वार्तालाप अपने शब्दों में लिखिए ।

## खंड ख

II. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक । अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं :

11 'आज़ादी' कहानी का सारांश लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

12 'आशा' कविता का भावार्थ लिखिए ।

13 ''देख रहा हूँ निखिल विश्व को मैं ग्रामीण नयन से,

सोच रहा हूँ जग पर, मानव जीवन पर, जन मन से ।

रूढी नहीं है, रीति नहीं है, जाति वर्ण केवल भ्रम,

जन जन में है जीव, जीव जीवन में सब जन है सम । '' इन पंक्तियों का भाव सौन्दर्य व्यक्त कीजिए ।

14 अनुवाद कीजिए :

(क) हिन्दी से **अंग्रेज़ी** में :

यहाँ की हवा बडी स्निग्ध थी । धूप खिली थी । पेड़ों के झुरमुटों से सारी धरती ढकी थी । ऐसे ही एक झुरमुट को काटकर नूतन ने यहाँ रहने के लिए एक मकान बनाया था । यहाँ सूर्य की रोशनी थी । पेडों का रंग भी दूधिया और हल्का नीला था । उनमें पत्तियाँ नहीं थीं । लंबे और ऊँचे पेड जिनके तने चिकने और कोमल थे—एक युवती की नर्म कलाइयों की तरह ।

696187

696187



(ख) अंग्रेज़ी से **हिन्दी** में :

A hundred years ago, on September 20, 1924, the world learned about the Indus (Harappan) civilization for the first time, when John Marshall, then director general of Archaeological society of India wrote about it, in 'The illustrated London News'. It was based on two similar seals found first in Harappa and then Mohen-jo-daro.

15 संक्षेपण कीजिए :

संतोषी सोचती है कि पार्टीवालों ने गरीबों के लिए झोंपडपट्टी के बदले जो फ्लैट दिलवा दी थी, वहाँ पर भी वे लोग चैन की ज़िन्दगी नहीं जी पाते । संतोषी की वह फ्लैट आदमियों का गोदाम लगती है । उसे यह एहसास होता है कि बंबई की गलियाँ पहले की अपेक्षा काफ़ी बदली है, फिर भी सारी दिक्कतें उनकी जिन्दगी में अभी भी मौजूद थीं । फर्क सिर्फ यही था कि अब फ्लैट के चार दीवारों के अन्दर हो गई है ।

## खंड ग

III. निम्नलिखित प्रश्नो में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक हैं :

16 'निद्राखोर' कहानी का सारांश लिखिए ।

17 'मेरे दीपक', कविता का भावार्थ समझाइए ।

(1 × 10 = 10 marks)

696187